## अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक : उपमुख्यमंत्री

जागरण, रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक है। जिस प्रकार सुंदर फूल में खुशबू न हो और शिक्षित व्यक्ति में संस्कार न हो तो वह देश व समाज के किस काम का। उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल रीवा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में कश्मीर से लेकर केरल तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। आप सब पूरे प्रयास से जीतने की कोशिश करें और आगे बढ़ें। यदि नहीं जीत पाते हैं तो जीतने की ललक मन में रहे। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल रीवा देश के प्रमुख सैनिक स्कूलों में है। इस स्कूल का मस्तक गर्व से और ऊंचा हो जाता है क्योंकि देश के थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष इसी स्कूल के विद्यार्थी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने जो शौर्य दिखाया है, उसमें इन दोनों सेनाध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उप मुख्यमंत्री ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा सैनिक स्कूल प्रबंधन से अपेक्षा की कि सभी को व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण अवश्यक कराएं।



### समापन समारोह में आएंगे थल सेनाध्यक्ष व नौ सेना प्रमुख




उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष रीवा आएंगे जो हम सबके लिए गर्व की बात होगी। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल में वीर शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा में अपना बलिदान देने वाले अमर शहीद हमें अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि देश के प्रमुख आवासीय विद्यालयों में से एक विन्ध्य क्षेत्र के गौरवशाली संस्थान सैनिक स्कूल रीवा के तत्वावधान में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 25 से 31 अक्टूबर तक बास्केट बॉल, वालीबॉल तथा एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मेजबान सैनिक स्कूल रीवा सहित देश भर के 36 सैनिक स्कूलों के 460 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी गत वर्ष आयोजित ग्रुप स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल सहित प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं आफिशियल्स उपस्थित रहे।




### सच्ची खेल भावना दिखाने के लिए प्रेरित किया

मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम सैनवा स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रीवा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुख्य अतिथि का आगमन प्रातः 8 बजे हुआ। सैनिक स्कूल के स्कूल कैप्टन के द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी व उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधिवत तरीके से मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल - 2025 के आरम्भ की घोषणा की। मुख्य अतिथि ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्हें सच्ची खेल भावना दिखाने के लिए प्रेरित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि हारने के बाद निराश नहीं होना है और हार से सीखते हुए जीत का जुनून बनाये रखना है तथा इसी सीख को खेल के मैदान पर ही नहीं अपितु ज़िन्दगी में भी अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसी श्रृंखला में मुख्य अतिथि ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि देश के थल सेना प्रमुख व नौ सेना प्रमुख सैनिक स्कूल रीवा के ही छात्र थे जो की भारत का सैन्य बल बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। तत्पश्चात कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



### प्रतिभागियों में दिखा जोश व उत्साह

उद्घाटन समारोह के उपरान्त 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 400 मीटर रिले, 1500 मीटर की दौड़ व लॉन्ग जम्प प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें प्रतिभागियों ने अत्यंत जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों में अपने अपने विद्यालय को जीत दिलाने के लिए होड़ सी लगी हुई थी। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में मौजूद गणमान्य जनों ने प्रतियोगिता का भरपूर आनंद उठाया व रोमांचित हुए। इस अवसर पर नेहा रावल, स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार,उपप्राचार्य, कमांडर जे एस खोत प्रशासनिक अधिकारी, डॉ आर एस पाण्डेय वरिष्ठ अध्यापक, अतिथिगण, पुरा छात्र, समस्त शिक्षक व सम्पूर्ण भारत में स्थित विभिन्न सैनिक स्कूलों के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

[ खेल ] शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक: राजेन्द्र शुक्ल

# उपमुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**समापन समारोह में शामिल होंगे थल व जल सेनाध्यक्ष**

स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक है। जिस प्रकार सुंदर फूल में खुशबू न हो और शिक्षित व्यक्ति में संस्कार न हो तो वह देश व समाज के किस काम का। उपमुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल रीवा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में कश्मीर से लेकर केरल तक के छत्र.छात्राएं भाग ले रहे हैं। आप सब पूरे प्रयास से जीतने की कोशिश करें और आगे बढ़ें। यदि नहीं जीत पाते हैं तो जीतने की ललक मन में रहे। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल रीवा देश के प्रमुख सैनिक स्कूलों में है। इस स्कूल का मस्तक गर्व से और ऊंचा हो जाता है क्योंकि देश के थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष इसी स्कूल के विद्यार्थी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने जो शौर्य दिखाया है उसमें इन दोनों सेनाध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उपमुख्यमंत्री ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा सैनिक स्कूल प्रबंधन से अपेक्षा की कि सभी को व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण अवश्यक कराएं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष रीवा आएंगे जो हम सबके लिए गर्व की बात होगी। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल में वीर शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित [...] उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा [...] राष्ट्र की रक्षा में अपना बलिदान [...] वाले अमर शहीद हमें अ[...] साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र[...] की प्रेरणा देते रहेंगे।







## 460 प्रतिभागी ले रहे भाग

उल्लेखनीय है कि देश के प्रमुख आवासीय विद्यालयों में से एक विन्ध्य क्षेत्र के गौरवशाली संस्थान सैनिक स्कूल रीवा के तत्वावधान में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बास्केट बाल, वॉलीबाल तथा एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मेजबान सैनिक स्कूल रीवा सहित देश भर के 36 सैनिक स्कूलों के 460 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी गत वर्ष आयोजित ग्रुप स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल सहित प्रतिभागी छात्र.छात्राएं एवं आफिशियल्स उपस्थित रहे।

## चित्रकूट से प्रारंभ हुई रामयात्रा में शामिल हुए डिप्टी सीएम



पूज्य संत मुरारी बापू द्वारा 25 अक्टूबर से 4 नवंबर तक रामकथा पर चित्रकूट से अयोध्या तक राम वन गमन पथ के मार्गो पर राम यात्रा शुरू की गई है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन पर संत मुरारी बापू, मध्यप्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन संत राम हृदय दास मदन पालीवाल की गरिमामय उपस्थिति में राम यात्रा की ट्रेन रवाना की गई। राम यात्रा में यह ट्रेन रामेश्वरम तक जाएगी। इसके बाद रामयात्रा हवाई मार्ग से श्रीलंका पहुंचेगी और इसी क्रम में वापस राम यात्रा अयोध्या आयेगी। इसके साथ ही राम यात्रा सड़क मार्ग से अत्रि मुनि आश्रम सती अनुसुइया चित्रकूट सतना भी पहुंची। चित्रकूट से सड़क मार्ग से होती हुई राम यात्रा उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन से रामेश्वरम को रवाना हुई। प्रभु श्रीराम वनवास काल के दौरान जिन स्थानों पर गए थे उसी मार्ग पर राम यात्रा संचालित होगी।

स्टार समाचार



# शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

■ अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ




स्टार समाचार | रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक है। जिस प्रकार सुंदर फूल में खुशबू न हो और शिक्षित व्यक्ति में संस्कार न हो तो वह देश व समाज के किस काम का। उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल रीवा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में कश्मीर से लेकर केरल तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। आप सब पूरे प्रयास से जीतने की कोशिश करें और आगे बढ़ें। यदि नहीं जीत पाते हैं तो जीतने की ललक मन में रहे। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल रीवा देश के प्रमुख सैनिक स्कूलों में है। इस स्कूल का मस्तक गर्व से और ऊंचा हो जाता है क्योंकि देश के थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष इसी स्कूल के विद्यार्थी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने जो शौर्य दिखाया है उसमें इन दोनों सेनाध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उप मुख्यमंत्री ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा सैनिक स्कूल प्रबंधन से अपेक्षा की कि सभी को व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण अवश्यक कराएं।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष रीवा आएंगे जो हम सबके लिए गर्व की बात होगी। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल में वीर शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा में अपना बलिदान देने वाले अमर शहीद हमें अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि देश के प्रमुख आवासीय विद्यालयों में से एक विन्ध्य क्षेत्र के गौरवशाली संस्थान सैनिक स्कूल रीवा के तत्वावधान में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बास्केट बाल, वॉलीबाल तथा एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मेजबान सैनिक स्कूल रीवा सहित देश भर के 36 सैनिक स्कूलों के 460 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी गत वर्ष आयोजित ग्रुप स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल सहित प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं आफिशियल्स उपस्थित रहे।

रीवा स्टार

रीवा, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025



www.starsamachar.com

# बास्केटबॉल व बॉलीबाल में कैडेट्स ने दिखाया दम



स्टार समाचार | रीवा

■ अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने लिया हिस्सा

सैनिक स्कूल रीवा में जारी अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल : 2025 का दूसरा दिन उत्साह और रोमांच से भरपूर रहा। दिनभर वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के लीग मुकाबले आयोजित किए गए। जिनमें सभी स्कूलों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह उल्लेखनीय है कि ग्रुप स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद सभी टीमें अब राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले रही हैं। खिलाड़ियों में जोश और उत्साह का अद्भुत समावेश देखने को मिला और सभी प्रतिभागी अपने-अपने स्कूल को राष्ट्रीय चैंपियन बनाने के लिए पूर्ण समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ मैदान में उतरे।

बास्केटबॉल मैच की जूनियर बॉयज कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुनझुनू, भुवनेश्वर, अमरावती नगर और गोलपारा के कैडेट्स विजयी रहे। वहीं जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में सैनिक स्कूल चंद्रपुर, चित्तौड़गढ़, पुंगलवा और न्यू सैनिक स्कूल विकासा की कैडेट्स ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता की जूनियर बॉयज कैटेगरी में सैनिक स्कूल गोलपारा, अमरावती नगर, नालंदा और संभलपुर के कैडेट्स विजयी रहे।

नव स्वदेश

रीवा, सोमवार
27 अक्टूबर 2025



[ खेल ] अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता

# अमरावती नगर, गोलपारा, चंद्रपुर, चित्तौरगढ़ व नालंदा के कैडेट्स ने दिखाया दम





स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

सैनिक स्कूल रीवा में जारी अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल -2025 का दूसरा दिन उत्साह और रोमांच से भरपूर रहा। दिनभर वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के लीग मुकाबले आयोजित किए गए जिनमें सभी स्कूलों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि ग्रुप स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद सभी टीमें अब राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले रही हैं। खिलाड़ियों में जोश और उत्साह का अद्भुत समावेश देखने को मिला और सभी प्रतिभागी अपने-अपने स्कूल को राष्ट्रीय चैंपियन बनाने के लिए पूर्ण समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ मैदान में उतरे। बास्केटबॉल मैच की जूनियर बॉयज़ कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुनझुनू, भुवनेश्वर, अमरावती नगर और गोलपारा के कैडेट्स विजयी रहे। वहीं जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में सैनिक स्कूल चंद्रपुर, चित्तौड़गढ़ ,पुंगलवा और न्यू सैनिक स्कूल विकासा की कैडेट्स ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता की जूनियर बॉयज़ कैटेगरी में सैनिक स्कूल गोलपारा, अमरावती नगर, नालंदा और संभलपुर के कैडेट्स विजयी रहे।

दैनिक जागरण 05

रीवा, 28 अक्टूबर, 2025
www.dainikjagranmpcg.com

# तीसरे दिन कैडेट्स के बीच हुए रोमांचक मुकाबले

## अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल

रीवा। अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल- के तीसरे दिन कैडेट्स के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। वालीबॉल और बास्केटबॉल के रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को बढ़त दिलाने का भरसक प्रयास किया। खेल मैदानों में कैडेट्स की ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन का प्रभावशाली समन्वय दिखाई दिया। कैडेट्स ने विषम परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रखते हुए टीमवर्क और रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया। तीसरे दिनके मैचों ने यह साबित कर दिया कि सैनिक स्कूलों के कैडेट्स न केवल अनुशासन और समर्पण के प्रतीक हैं, बल्कि वे खेल के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की क्षमता भी रखते हैं। मैदानों पर हर गोल, हर बास्केट और हर अंक ने खिलाड़ियों के दृढ़ निश्चय और मेहनत की कहानी बयां की। तीसरे दिन खेले गए मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार रहे- बास्केटबॉल मैच की जूनियर बॉयज कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुनझुनु, भुवनेश्वर व अमरावती नगर के कैडेट्स विजयी रहे वहीं, जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, घोड़ाखाल व न्यू सैनिक स्कूल विकासा के कैडेट्स ने जीत हासिल की। वालीबॉल की जूनियर बॉयज कैटेगरी में सैनिक स्कूल बालाचढ़ी, अमरावतीनगर, झुनझुनू व नालंदा के कैडेट्स विजयी रहे। मानेकशॉ सभागार में शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, मंदसौर, भुवनेश्वर व रीवा ने अत्यंत मनमोहक व आकर्षक प्रस्तुति दी।

Swadeshnews.in
रीवा, मंगलवार
28 अक्टूबर 2025
03

# सैनिक स्कूल मैदान में तीसरे दिन खिलाड़ियों में दिखा जज्बा और जुनून





स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-2025 के तीसरे दिन कैडेट्स के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दोपहर के समय मौसम में आये बदलाव का प्रभाव खलाड़ियों में नही पड़ा,बल्कि वह और भी उत्साह के साथ खेल में जुटे रहे। वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को बढ़त दिलाने का भरसक प्रयास किया। खेल मैदानों में कैडेट्स की ऊर्जाए उत्साह और अनुशासन का प्रभावशाली समन्वय दिखाई दिया।कैडेट्स ने विषम परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रखते हुए टीमवर्क और रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

तीसरे दिनके मैचों ने यह साबित कर दिया कि सैनिक स्कूलों के कैडेटस न केवल अनुशासन और समर्पण के प्रतीक हैंए बल्कि वे खेल के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की क्षमता भी रखते हैं। मैदानों पर हर गोलए हर बास्केट और हर अंक ने खिलाड़ियों के दृढ़ निश्चय और मेहनत की कहानी बयां की।

## मुकाबलें के परिणामों पर एक नजर

तीसरे दिन खेले गए मुकाबलों के परिणामों की बात करें तो बास्केटबॉल मैच की जूनियर बॉयज कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुनझुनु,भुवनेश्वर व अमरावती नगर के कैडेट्स विजयी रहे वहीं,जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में सैनिक स्कूल चित्तौरगढ,घोड़ाखाल व न्यू सैनिक स्कूल विकासा के कैडेट्स ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल की जूनियर बॉयज़ कैटेगरी में सैनिक स्कूल बालाचढ़ी,अमरावती नगर,झुनझुनू व नालंदा के कैडेट्स विजयी रहे। मानेकशॉ सभागार में शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़, मंदसौर, भुवनेश्वर व रीवा ने अत्यंत मनमोहक व आकर्षक प्रस्तुति दी।

नव स्वदेश
Swadeshnews.in
रीवा, बुधवार 29 अक्टूबर 2025


# नालंदा और झुनझुनू ने वॉलीबॉल कोर्ट पर दिखाया जलवा, फाइनल में पहुंचे



स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-2025 अपने रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। चार दिनों की कड़ी प्रतिस्पर्धा और उत्साहपूर्ण मुकाबलों के बाद अब प्रतियोगिता निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। देशभर के सैनिक स्कूलों से आए प्रतिभाशाली कैडेट्स ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए अपनी- अपनी टीमों को को फ इनल व सेमीफाइनल तक पहुंचाया है। मौसम की रुकावटें भी कैडेट्स के जोश के आगे टिक न सकीं,उत्साह ने हर बाधा पर विजय पाई। बास्केटबॉल के सेमीफाइनल मुकाबले कल से प्रारंभ होंगे जिनमें फाइनल चरण में पहुंचने के लिए टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने को तत्पर हैं। चौथे दिन खेले गए मुकाबलों के परिणाम पर नजर डाली जाये तो बास्केटबॉल के लीग मुकाबलों में जूनियर बॉयज़ कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुनझुनू, अमरावतीनगर, गोलपारा और कपूरथला की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफइनल में स्थान सुनिश्चित किया। वहीं जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में सैनिक स्कूल पुंगलवा, घोड़ाखाल, न्यू सैनिक स्कूल विकासा और खारा खीरी की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर वॉलीबॉल के सेमीफइनल मुकाबलों में सैनिक स्कूल नालंदा ने अमरावतीनगर को तथा झुनझुनू ने बालाचढ़ी को पराजित कर फइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

मानेकशॉ सभागार में सायंकाल आयोजित सांस्कृतिक संध्या कैडेट्स की रचनात्मकता और प्रतिभा का सुंदर संगम बनीए जिसमें सैनिक स्कूल पुरुलिया, तिलैया,नालंदा,गोपालगंज एवं झांसी की प्रस्तुतियाँ दर्शकों के हृदय को स्पर्श करती रहीं।

**अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल**

# खेल मैदानों में कैडेट्स की ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन का दिखा प्रभावशाली समन्वय



सैनिक स्कूल के कैम्पस में चल रही राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते कैडेट्स

सिटी रिपोर्टर. रीवा। सैनिक स्कूल के मैदान में इन दिनों अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-2025 कस आयोजन किया जा रहा है। इस ेल में देश की 36 स्कूलों के लगभग 450 प्रतिभागी कैडेट्स शामिल हो रहे है। इन खेलों का समापन 31 तारीख को रंगा रंग कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। खेल के तीसरे दिन कैडेट्स के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के रोमांचक मुकाबलों में खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को बढ़त दिलाने का भरसक प्रयास किया। खेल मैदानों में कैडेट्स की ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन का प्रभावशाली समन्वय दिखाई दिया। कैडेट्स ने विषम परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रखते हुए टीमवर्क और रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

तीसरे दिन के मैचों ने यह साबित कर दिया कि सैनिक स्कूलों के कैडेट्स न केवल अनुशासन और समर्पण के प्रतीक हैं, बल्कि वे खेल के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की क्षमता भी रखते हैं। मैदानों पर हर गोल, हर बास्केट और हर अंक ने खिलाडियों के दृढ़ निश्चय और मेहनत की कहानी बयां की।

## इस प्रकार रहे सभी मुकाबलों के परिणाम

बास्केटबॉल मैच की जूनियर बॉयज कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुनझुनु, भुवनेश्वर व अमरावती नगर के कैडेट्स विजयी रहे वहीं, जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ घोड़ाखाल व न्यू सैनिक स्कूल विकासा के कैडेट्स ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल की जूनियर ब्वायज कैटेगरी में सैनिक स्कूल बालाचढ़ी अमरावतीनगर, झुनझुनू व नालंदा के कैडेट्स विजयी रहे। मानेकशॉ सभागार में शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़, मंदसौर, भुवनेश्वर व रीवा ने अत्यंत मनमोहक व आकर्षक प्रस्तुति दी।

दैनिक जागरण 05
रीवा, 30 अक्टूबर, 2025
www.dainikjagranmpcg.com

# सैनिक स्कूल अभा राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का चैम्पियन बना झुंझुनू



## आखिरी क्षण तक रोमांच से भरा रहा मुकाबला

जागरण, रीवा। अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-2025 के वालीबॉल फाइनल में मैदान पर जोश, जुनून और जज्बे का अद्भुत संगम देखने को मिला। सैनिक स्कूल झुंझुनू और सैनिक स्कूल नालंदा के बीच हुआ यह मुकाबला आखरी क्षण तक रोमांच से भरा रहा। दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरा दमखम झोंक दिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में झुंझुनू के कैडेट्स ने बेहतरीन खेल कौशल और टीम समन्वय का परिचय देते हुए फाइनल पर कब्जा जमाया।

दूसरी ओर बास्केटबॉल के जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में आज रोमांच अपने चरम पर रहा। बॉयज़ कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुंझुनू और सैनिक स्कूल कपूरथला के कैडेट्स ने शानदार तालमेल, तेजी और सटीक निशानों के दम पर विरोधियों को पछाड़ते हुए फाइनल में धमाकेदार प्रवेश किया। वहीं गर्ल्स कैटेगरी में न्यू सैनिक स्कूल विकासा और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की टीमों ने कोर्ट पर शानदार तालमेल, तेजी और सटीक पासिंग का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। दोनों टीमों की खिलाड़ी छात्राओं ने उम्दा खेल कौशल, आत्मविश्वास और अटूट जज्बे के दम पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए फाइनल में जगह बनाई। मानेकशॉ सभागार में शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैनिक अमरावती नगर, पुंगलवा व गोलपारा अत्यंत मनमोहक व आकर्षक प्रस्तुति दी।

## समापन कल, आएंगे नौसेना प्रमुख एवं थलसेना प्रमुख

बास्केटबॉल के फाइनल मुकाबले 31 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। इसके उपरांत सायं 4 बजे अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-2025 का भव्य समापन समारोह सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के साथ नौसेना प्रमुख एवं थलसेना प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

star

# रीवा स्टार

स्टार समाचार

## रीवा सैनिक स्कूल परिसर में चल रही राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता

# झुनझुन सैनिक स्कूल बना वॉलीबॉल चैंपियन

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल 2025 के वॉलीबॉल फाइनल में झुनझुन सैनिक स्कूल ने खिताब अपने नाम करते हुये राष्ट्रीय चैंपियन बन गया है। इस दौरान मैदान पर जोश, जुनून और जज्बे का अद्भुत संगम देखने को मिला। खेल प्रतियोगिता का समापन 31 अक्टूबर को होगा। जिसमें नौसेना व थलसेना अध्यक्ष शिकरत करेंगे। इसकी तैयारी सैनिक स्कूल प्रबंधन ने शुरू कर दिया है।





- 31 अक्टूबर को होगा प्रतियोगिता का समापन
- नौसेना व थल सेना प्रमुख करेंगे शिरकत

स्टार समाचार | रीवा

उल्लेखनीय है कि सैनिक स्कूल रीवा प्रांगण में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन चल रहा है। जिसमें देश भर के सैनिक स्कूल के कैडेट्स भाग लेने पहुंचे हैं। करीब सप्ताह भर से शुरू खेल प्रतियोगिता का अंतिम दौर चल रहा है। बुधवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सैनिक स्कूल झुनझुनू और सैनिक स्कूल नालंदा के बीच हुआ। यह मुकाबला आखिरी क्षण तक रोमांच से भरा रहा। दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरा दमखम झोंक दिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में झुनझुनू के कैडेट्स ने बेहतरीन खेल कौशल और टीम समन्वय का परिचय देते हुए फाइनल पर कब्जा जमाया।

### बॉस्केटबॉल में कैडेट्स ने दिखाया दम

दूसरी ओर बास्केटबॉल के जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में रोमांच अपने चरम पर रहा। बॉयज कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुनझुनू और सैनिक स्कूल कपूरथला के कैडेट्स ने शानदार तालमेल, तेजी और सटीक निशानों के दम पर विरोधियों को पछाड़ते हुए फाइनल में धमाकेदार प्रवेश किया। वहीं गर्ल्स कैटेगरी में न्यू सैनिक स्कूल विकासा और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की टीमों ने कोर्ट पर शानदार तालमेल, तेजी और सटीक पासिंग का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। दोनों टीमों की खिलाड़ी छात्राओं ने उम्दा खेल कौशल, आत्मविश्वास और अटूट जज्बे के दम पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए फाइनल में जगह बनाई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी आकर्षक प्रस्तुति

मानेकशॉ सभागार में बुधवार की शाम आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैनिक स्कूल अमरावती नगर, पुंगलवा व गोलपारा के कैडेट्स ने अत्यंत मनमोहक व आकर्षक प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति ने वहां मौजूद अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। पूरा सभागार ताली की गड़कडाहट से गूंजता रहा।

### समापन समारोह कल

बास्केटबॉल के फाइनल मुकाबले 31 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। इसके उपरांत सायं 4 बजे अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल 2025 का भव्य समापन समारोह सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, नौसेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी एवं थलसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

www.starsamachar.com
ंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 स्टार समाचार

# मेजर जनरल जीतेन्द्र पहुंचे रीवा, सैन्य छात्रों को दिए टिप्स

स्टार समाचार | रीवा

सैनिक स्कूल रीवा में विद्यालय के पुरा छात्र मेजर जनरल जीतेन्द्र सिंह, डीन, आर्मी वॉर कॉलेज महू का आगमन 6 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सैनवा स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वागत गान व पुष्पगुच्छ के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तत्पश्चात कैडेट द्वारा मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए प्रेरक व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने कैडेट्स को अपने अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में देश व सैनिक स्कूल रीवा के सफल व महान व्यक्तित्व का उदाहरण देते हुए कैडेट्स को प्रेरित किया।

उन्होंने कैडेट्स को एनडीए की एसएसबी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए पुस्तकालय की पुस्तकें पढ़ने के लिए जोर दिया तथा रक्षा सेवा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। व्याख्यान के अंत में कैडेट्स ने मुख्य अतिथि से लीडरशिप, आत्मविश्वास व एसएसबी से संबंधित प्रश्न पूछे व जागरूक हुए। सभा के अंत में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया व राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।



## प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन

इसके बाद विद्यालय के चाणक्य हाल में प्राचार्य ने मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें प्राचार्य ने विद्यालय की समस्त गतिविधियों व परियोजनाओं के बारे में मुख्य अतिथि को अवगत करवाया। इस अवसर पर स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य कमांडर जेएस खोट, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आरएस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षक, कर्मचारी व कैडेट्स उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में सैनिक स्कूल रीवा के पुरा छात्र कर्नल जैकब फ्रीमैन, कर्नल लोकेश, शौर्य चक्र तथा पुरा छात्र डॉ. नवीन मिश्रा उपस्थित रहे।

Swadeshnews.in

रीवा, बुधवार
8 अक्टूबर 2025 | 02

# सैनिक स्कूल में पुरा छात्र कर्नल जैकब फ्रीमैन ने किया कैडेट्स को प्रेरित



स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

सैनिक स्कूल रीवा में पुरा छात्र कर्नल जैकब फ्रीमैन ने 7 अक्टूबर 2025 को विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए उन्हें रक्षा सेवा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। कर्नल जैकब फ्रीमैन का मानेकशॉ सभागार में प्रातः 8.30 बजे आगमन हुआ। सर्वप्रथम गर्ल कैडेट्स ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया,तत्पश्चात अंग्रेजी शिक्षिका कीर्ति तिवारी के द्वारा उनका संछिप्त परिचय दिया गया। कर्नल जैकब फ्रीमैन ने विद्यालय में बिताये गए अपनें 7 वर्ष के अनुभव व स्वयं के द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों को सभी से साझा करते हुए कैडेट्स को रक्षा सेवा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें अपनी सफलता का श्रेय दिया तथा उनकी स्मृति में सैनिक स्कूल रीवा को 2 लाख की राशि अनुदान दी। सभा के अंत में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया व राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार उपप्राचार्य,डॉ आरएस पाण्डेय वरिष्ठ अध्यापक एवं समस्त शिक्षक कर्मचारी व कैडेट्स उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 07
रीवा, 08 अक्टूबर, 2025
www.dainikjagranmpcg.com

# पुरा छात्र कर्नल जैकब फ्रीमैन ने किया कैडेट्स को प्रेरित

## सैनिक स्कूल के मानेकशॉ सभागार में हुआ आयोजन



रीवा। सैनिक स्कूल में पुरा छात्र कर्नल जैकब फ्रीमैन ने विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए उन्हें रक्षा सेवा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। कर्नल जैकब फ्रीमैन का सर्वप्रथम गर्ल कैडेट्स ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात अंग्रेजी शिक्षिका कीर्ति तिवारी के द्वारा उनका संक्षिप्त परिचय दिया गया। कर्नल जैकब फ्रीमैन ने विद्यालय में बिताये गए अपने 7 वर्ष के अनुभव व स्वयं के द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों को सभी से साझा करते हुए कैडेट्स को रक्षा सेवा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें अपनी सफलता का श्रेय दिया तथा उनकी स्मृति में सैनिक स्कूल रीवा को 2 लाख की राशि अनुदान दी। सभा के अंत में प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया व राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार उपप्राचार्य, डॉ आरएस पाण्डेय वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षक, कर्मचारी व कैडेट्स उपस्थित रहे।

www.starsamachar.com
रीवा, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025 स्टार समाचार

# सैनिक स्कूल में पुरा छात्र कर्नल जैकब फ्रीमैन ने किया कैडेट्स को प्रेरित



स्टार समाचार | रीवा

सैनिक स्कूल में पुरा छात्र कर्नल जैकब फ्रीमैन ने 7 अक्टूबर को विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए उन्हें रक्षा सेवा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। कर्नल जैकब फ्रीमैन का मानेकशॉ सभागार में प्रातः 8.30 बजे आगमन हुआ। सर्वप्रथम गर्ल कैडेट्स ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया, तत्पश्चात अंग्रेजी शिक्षिका कीर्ति तिवारी के द्वारा उनका संक्षिप्त परिचय दिया गया। कर्नल जैकब फ्रीमैन ने विद्यालय में बिताये गए अपने 7 वर्ष के अनुभव व स्वयं के द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों को सभी से साझा करते हुए कैडेट्स को रक्षा सेवा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें अपनी सफलता का श्रेय दियातथा उनकी स्मृति में सैनिक स्कूल रीवा को 2 लाख की राशि अनुदान दी। सभा के अंत में कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया व राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य डॉ. आरएस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षक, कर्मचारी व कैडेट्स उपस्तित रहे।

देश 486001 से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा.लि., प्लाट नं. 17 इंडस्ट्रीयल एरिया कोलगवां सतना से
के अन्तर्गत समाचारों के प्रकाशन एवं नियंत्रण के लिए जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र, सतना होगा।


नव स्वदेश

Swadeshnews.in

रीवा, शनिवार
25 अक्टूबर 2025

03

# अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल का भव्य आयोजन आज से




## 36 सैनिक स्कूलों के 460 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

देश के प्रमुख आवासीय विद्यालयों में से एक तथा विंध्य क्षेत्र की गौरवशाली संस्थासैनिक स्कूल रीवामेंअखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-2025 का भव्य आयोजन 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मेजबान स्कूल सहित देशभर के 36 सैनिक स्कूलों के कुल 460 प्रतिभागी छात्रहिस्सा लेंगे। ये सभी खिलाड़ी विगत वर्ष आयोजित ग्रुपस्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न खेल विधाओं जिनमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर दौड़, रिले रेसएवंलॉन्ग जम्पका आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम काउद्घाटन समारोह 25 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे रीवा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा।

# शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना बेहद आवश्यक :उप मुख्यमंत्री

## अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

भास्कर न्यूज| रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक है। जिस प्रकार सुंदर फूल में खुशबू न हो और शिक्षित व्यक्ति में संस्कार न हो तो वह देश व समाज के किस काम का। उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल रीवा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ किया।



सैनिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में कश्मीर से लेकर केरल तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। आप सब पूरे प्रयास से जीतने की कोशिश करें और आगे बढ़ें। यदि नहीं जीत पाते हैं तो जीतने की ललक मन में रहे।

उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल रीवा देश के प्रमुख सैनिक स्कूलों में है। इस स्कूल का मस्तक गर्व से और ऊंचा हो जाता है क्योंकि देश के थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष इसी स्कूल के विद्यार्थी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने जो शौर्य दिखाया है उसमें इन दोनों सेनाध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उप मुख्यमंत्री ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा सैनिक स्कूल प्रबंधन से अपेक्षा की कि सभी को व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण अवश्यक कराएं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष रीवा आएंगे जो हम सबके लिए गर्व की बात होगी। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल में वीर शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा में अपना बलिदान देने वाले अमर शहीद हमें अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते रहेंगे।

### 36 सैनिक स्कूलों के 460 प्रतिभागी शामिल

उल्लेखनीय है कि देश के प्रमुख आवासीय विद्यालयों में से एक विन्ध्य क्षेत्र के गौरवशाली संस्थान सैनिक स्कूल रीवा के तत्वावधान में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बास्केट बाल वॉलीबाल तथा एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मेजबान सैनिक स्कूल रीवा सहित देश भर के 36 सैनिक स्कूलों के 460 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी गत वर्ष आयोजित ग्रुप स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल सहित प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं आफिशियल्स उपस्थित रहे।